53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.9°c अधिकतम 33.0 °c

**अमृतवाणी**

उड़ान भरने के लिए अपने अंदर हर रोज नया जोश जुनून पैदा कीजिए।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

अगर मैं कानपुरिया अंदाज में कहूं तो-दुश्मन कहीं भी हो होंक दिया जाएगा : मोदी



सेना द्वारा भाड़ में झोंक दिया जाएगा.......

सूर्योदय - 5:20, सूर्यास्त - 7:13 | वर्ष : 53/ अंक : 149 | शनिवार, 31 मई 2025 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, पंचमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

# 2027 में होगा भाजपा को घाटा, अब सभासद को लगा चांटा

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** लगातार अपनी सत्ता होने के बावजूद भाजपाई कभी चौराहे पर अपमानित किये जाते हैं, कभी कोई महिला अधिकारी सारे भाजपाईयों को ही साले कहकर पुकारती है, तो अब एक और नया मामला सामने आया है। इस बार खुद थाने में सभासद को चांटा लगा है। दरअसल आनन्दपुरी वार्ड 23 के सभासद अमित पाल का कल देर रात कुछ लोगों के साथ विवाद हो गया था। दरअसल यह विवाद एक रिक्शा चालक के साथ टक्कर का विवाद था, जिसमें मारपीट होने के बाद सभासद अमित पाल थाना सिविल लाइन अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए गए तो वहां अमित पाल के अनुसार सिविल वर्दी में मौजूद एक पुलिसकर्मी ने पूछा क्या तुम नेता हो, इस पर अमित पाल ने कहा हां मैं नेता हूँ। अमित पाल के अनुसार जैसे ही उसने यह बात कही कि मैं नेता हूँ, ठीक उसी समय सिविल ड्रेस में मौजूद पुलिसकर्मी ने उसे चांटा जड़ दिया। ऐसे में अमित पाल ने रात्रि एक बजे ही कई जगह कॉल की मगर किसी नेता से कोई रेस्पोंस न मिलने के कारण दिनभर सभासद अमित पाल इस मशक्कत में लगा रहा कि इस बात की शिकायत किससे की जाए। थक-हारकर देर शाम सभासदों के साथ अन्य भाजपाई मंत्री के आवास पर पहुंचे और उक्त सिविल ड्रेस में मौजूद पुलिसकर्मी का पता करने की गुहार लगाई। सिविल लाइन में मौजूद कुछ पुलिसकर्मियों को मंत्री के घर भी बुलवाया गया मगर उनमें से कोई भी पुलिसकर्मी वह नहीं था, जिसने सभासद को चांटा जड़ा था। कुछ लोगों का कहना है कि उक्त पुलिसकर्मी पहले से ही लाइन हाजिर है। इसी कारण वह देर रात सिविल ड्रेस में था और सभासद अमित पाल के साथियों का बताना है कि सिविल ड्रेस में मौजूद उक्त सिपाही ने शराब का भी सेवन किया हुआ था। अब देखना यह होगा कि अपनी ही सत्ता में कभी चौराहों पर अपमानित तो कभी पिट रहे भाजपाई कब तक यूं ही पिटते रहेंगे और उन्हें न्याय मिलते-मिलते शायद 2027 का चुनाव आ जाएगा। मगर हो न हो इस बार भाजपा कार्यकर्ताओं की उपेक्षा 2027 के चुनाव में 2024 के चुनाव की तरह ही भारी पड़ती दिखाई देगी, क्योंकि सत्ता हासिल करने के बाद चाहे किसी भी पार्टी का नेता क्यों न हो अगर कार्यकर्ताओं को ही न्याय दिलाने में नाकामयाब साबित होते हैं तो फिर कार्यकर्ता चाहे बागी हो न हो मगर न्यूटल होकर घर बैठना वह अच्छी तरह जानता है और बस कार्यकर्ता न्यूटल होकर घर बैठा और सत्ता हाथ से फिसली। इस बार यही होना बाकी रह गया है, क्योंकि भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिंगल, डबल, ट्रिपल सब तरह की सत्ता में आमजन तो छोड़ो अपना खूब अपमान होता देख लिया है।



# जिला परिषद मार्किट में मारा औषधि विभाग की टीम ने छापा

**▶▶ दो टैबलेट व इंजेक्शनों के सैंपल जब्त कर भेजे प्रयोगशाला**
**▶▶ लक्की मेडिकल एजेंसीज और गाबा मेडिकोज पर हुई छापेमारी**

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** बिना पक्के बिलों के आधार पर कारोबार कर रहे कारोबारियों की अब खैर नहीं होगी, ऐसे संकेत बीते कुछ दिनों से जनपद में जारी जीएसटी विभाग की कार्रवाई से सर्वविदित हो गया है, लेकिन इस सबके बावजूद अवैध कार्यों में लिप्त रहने का गोरखधंधा जनपद में कम होने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को ऐसे हालातों के बीच जिला परिषद मार्किट में ड्रग्स विभाग की टीम ने जीएसटी चोरी की शिकायत पर दो दवा प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। टीम की उक्त कार्रवाई से मार्किट के साथ दवा कारोबार से जुड़ी मार्किट में हड़कंप मच गया। विभागीय टीम ने मिली शिकायत के आधार पर दो दवा कारोबारियों के यहां से दो-दो दवाओं एवं इंजेक्शनों के सैंपल जब्त करते हुए उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला में भेज दिए।

जिला परिषद मार्किट में ड्रग्स विभाग की टीम ने सहारनपुर के डीआई आशुतोष चौबे के नेतृत्व में छापा मारा। विभागीय टीम के साथ मौजूद रहे मुजफ्फरनगर के ड्रग्स इंस्पेक्टर पवन शाक्य समेत अन्य अधिकारी भी टीम के साथ मौजूद रहे। जिला परिषद मार्किट में छापेमारी की जानकारी देते हुए डीआईजी पवन शाक्य ने बताया कि शुक्रवार को मिली शिकायत के आधार पर विभागीय टीम ने लक्की मेडिकल एजेंसीज पर छापा मारा, जहां विभागीय टीम ने एट्रोपो इंजेक्शन व जेपीफ्लोक्स टैबलेट के नमूने जांच के लिए जब्त किए। उन्होंने बताया कि मार्किट में ही स्थित गाबा मेडिकल स्टोर पर भी विभागीय टीम ने फेक्सोकेयर



टैबलेट और आर्ट्रोगिल-400 जैनरिक दवाओं का सैंपल लेते हुए उन्हें प्रयोगशाला भेजा जा रहा है, जहां से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार की दोपहर में जिला परिषद मार्किट में औषधि विभाग की छापेमारी को लेकर हालांकि उच्चाधिकारी वैसे नियमित चैकिंग ही बता रहे हैं, लेकिन बाजार में चर्चा है कि अलीगढ़ जनपद में उक्त दोनों कारोबारियों द्वारा दवाई मंगाई गई थी, जिसकी शिकायत के आधार पर जीएसटी चोरी की शिकायत के आधार पर विभाग की टीम जिला मुख्यालय पहुंची और उन्होंने यहां दो प्रतिष्ठानों पर छापेमारी करते हुए चार सैंपल लेने के साथ कुछ जरुरी दस्तावेजों को अपने कब्जे में लेकर गए हैं, जिनकी जांच होने के बाद आगे की कार्रवाई किए जाने की संभावना है।



# बाइक सवार पिता की कैंटर से कुचलकर दर्दनाक मौत, पुत्र गम्भीर रूप से घायल

**मुजफ्फरनगर/भोपा, 30 मई (बु.)।** नई मंडी थाना क्षेत्र के भोपा-मुजफ्फरनगर मार्ग पर अनियंत्रित कैंटर ने बाइक सवार व्यक्ति को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि मृतक का पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। बाइक सवार ग्रामीण की मौत से उसके परिवार मे मातम छा गया है। पुलिस ने कैंटर को कब्जे मे ले लिया तथा फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव ककराला निवासी 55 वर्षीय राजेंद्र पुत्र मोहन कश्यप शुक्रवार को अपने बड़े पुत्र दीपक के साथ पुत्री ममतेश से मिलने के लिए उसकी ससुराल कैराना क्षेत्र के एक गांव में जा रहा था। उसका पुत्र दीपक बाइक चला रहा था। जैसे ही वह जटमुझेड़ा स्थित पेट्रोल पम्प के पास पहुंचे तभी एक अनियंत्रित कैंटर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे राजेंद्र कश्यप सड़क पर गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गये तथा मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि घायल दीपक को अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद कैंटर चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कैंटर को कब्जे मे ले लिया और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजेंद्र की असमय मौत से परिवार में मातम छा गया है। पत्नी अतरी देवी पुत्र नीरज, पुत्री सुमन व ममतेश का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है।



मृतक राजेंद्र कश्यप का फाइल फोटो

## सड़क हादसों में 11 वर्षीय बच्चे की दर्दनाक मौत

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** नई मंडी कोतवाली व तितावी थाना क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में 11 वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार तितावी थाना क्षेत्र में जींद (हरियाणा) निवासी धर्मवीर अपने पुत्र कमल सिंह (11 वर्ष ) के साथ गंगा स्नान करके हरिद्वार से अपने घर वापस लौट रहे थे, तो तितावी थाना क्षेत्र के काजीखेड़ा-जागाहेड़ी टोल मुजफ्फरनगर के पास उसकी मोटरसाइकिल जिसमें मोडिफाइड ट्रॉली जुड़ी हुई थी। टोल टैक्स बॉक्स के बराबर में रखे एक पत्थर से टकरा गई, जिस कारण उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें ट्रॉली में बैठा उसका बेटा सड़क पर गिर गया। सिर सड़क पर लगने से वह लहूलुहान हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना जैसे ही तितावी पुलिस को मिली तो पुलिस तुरन्त मौके पर पहुंची। बच्चे के पिता धर्मवीर ने पुलिस कार्रवाई से इंकार कर दिया और बेटे के शव को लेकर हरियाणा चला गया।

## शाहपुर क्षेत्र में 21 वर्षीय युवक ने जीवन लीला समाप्त की

**शाहपुर, 30 मई (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव तावली में एक 21 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला**



**समाप्त कर ली । थाना क्षेत्र के गांव तावली निवासी 21 वर्षीय कासिम ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। गंभीर हालत में परिजनों ने उसे बेगरजपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई । सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया । पुलिस ने बताया कि परिजनों ने की ओर से अभी कोई तहरीर नही दी गई है ।**

## सड़क दुर्घटना में भाई-बहन घायल, मेरठ रैफर

**बुढ़ाना, 30 मई (बु.)।** तीन पहियों के रेहड़े के चालक ने एक मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें मोटर साइकिल पर सवार भाई बहन घायल हो गये। दोनों भाई बहन को गंभीर हालत में मेरठ के लिये रैफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार आज शुक्रवार के दिन जनपद बागपत के गांव फौलाद नगर के निवासी सनव्वर पुत्र वलेदीन चौधरी अपनी बहन नगमा को मोटर साइकिल पर बैठाकर शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव कसेरवा जा रहा था। जब वह दोनों बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के बड़ौत रोड पर स्थित त्यागी पैट्रोल पंप पर आए तो तभी तेज रफ़्तार तिपहिये वाहन के चालक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और वाहन सहित फरार हो गया। उधर टक्कर लगते ही भाई बहन नीचे गिर गये और दूर तक सड़क पर घिसटते चले गये। दोनों घायल भाई बहन को आते जाते लोगों ने नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया, तो गंभीर हालत में चिकित्सकों ने दोनों भाई बहन को मेरठ के लिए रैफर कर दिया, जहां भाई की हालत गंभीर बताई गयी है। घटना की सूचना पर मौके पर बुढ़ाना पुलिस भी पहुंची और घायलों के परिजनों को सूचना दी। बुढ़ाना पुलिस को फिलहाल घायलों के परिजनों की ओर से तहरीर नहीं मिली पाई थी, मगर पुलिस ने तिपहिए वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी थी।

# जिला चिकित्सालय में धरना समाप्त, अस्पतालकर्मी दोनों आरोपियों को ड्यूटी ऑफ किया

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** गुरूवार की रात जिला चिकित्सालय में कर्मियों द्वारा धरना दिये जाने के बाद शुक्रवार की सुबह घटना में नया मोड सामने आया। कल तक जो अस्पतालकर्मी अपने सहयोगी कर्मचारी सुनील और राहुल को नेक-पाक समझ रहे थे, अंदरखाने दोनों की असलियत सामने आई। दरअसल दोनों ने गर्भवती ..... के साथ आई युवतियों से निहायती शर्मनाक भाषा में बात की थी, और इसी बात की शिकायत तीमारदारों ने पुलिसकर्मियों से जाकर की थी। पुलिसकर्मियों की गलती यह रही कि इन दोनों को चांटे लगाने से पहले उन्हें सीएमओ, सीएमएस या अन्य किसी अधिकारी के संज्ञान में पूरा मामला डालना चाहिए था। स्वयं सारा निर्णय लेते हुए पुलिसकर्मियों ने सुनील और राहुल का गिरेबान पकड़ उन्हें थप्पड़ लगाने का काम किया। फिलहाल असलियत पता लगने के बाद हॉस्पिटलकर्मियों ने तत्काल अपनी हड़ताल समाप्त कर पूरा मामला सीएमएस डॉ. मुकेश उपाध्याय के संज्ञान में डाला। सीएमएस द्वारा डॉ. मुरली भास्कर व विमलेश को इस प्रकरण की जांच सौंपी और तत्कालप्रभाव से सुनील और राहुल दोनों को ड्यूटी से ऑफ कर दिया गया। अगले दो दिन में कमैटी अपनी रिपोर्ट देगी, उसी आधार पर कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल यह भी चर्चा है कि अस्पताल चौकी पर मौजूद दोनों पुलिसकर्मियों को भी वहां से हटा दिया गया है।



फाइल फोटो

# नीट पीजी परीक्षा एक ही पाली कराएं: सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली, 30 मई (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने मेडिकल के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 15 जून से होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) 2025 दो की बजाय एक ही पाली में आयोजित कराने का शुक्रवार को निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता अदिति और अन्य की याचिका पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस नीट पीजी को आयोजित करने वाली संस्था 'नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन' (एनबीई) यह निर्देश दिया। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित न करें, क्योंकि इससे उम्मीदवारों को समान अवसर नहीं मिलेंगे। पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि दो पालियों में परीक्षा होने से मनमानी होगी और सामान्यीकरण प्रक्रिया को नियमित तरीके से लागू नहीं किया जा सकता। इतना ही नहीं दो पालियों की परीक्षा में प्रश्नपत्र कभी भी एक ही कठिनाई स्तर के नहीं हो सकते।

शीर्ष अदालत ने कहा,''हम यह स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं कि इस देश में तकनीकी प्रगति को देखते हुए देशभर में परीक्षा आयोजित करने वाली इस संस्था को एक पाली में परीक्षा आयोजित करने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल पाए।'' अदालत ने कहा कि यदि अधिकारियों को लगता है कि वे परीक्षा केंद्रों की पहचान करने और 15 जून को परीक्षा आयोजित करने में सक्षम नहीं हैं तो वे परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले पांच मई को अदालत ने उक्त याचिका पर एनबीई, राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद (एनएमसी) और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को नोटिस जारी करके जवाब मांगा था। शीर्ष अदालत ने 22 मई को एक अन्य याचिका पर फैसला सुनाया था, जिसमें नीट पीजी काउंसलिंग में सीट-रोकने की व्यवस्था को बंद के लिए कई निर्देश जारी किए गए थे। शीर्ष अदालत ने परीक्षा के अंतरिम अंक, उत्तर कुंजी और सामान्यीकरण की प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्रकाशित करने का निर्देश दिया था।



# जौनपुर में प्राइवेट बस पलटी, तीन महिलाओं समेत पांच की मौत

**जौनपुर, 30 मई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के बक्शा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह रामनगर घनशयामपुर से जौनपुर जा रही प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ कर पलट गई। इस हादसे में दो महिला व दो पुरुषों की मौत हो गई, जबकि एक महिला जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। दुर्घटना में 14 अन्य लोग घायल हो गए।

वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शंभूगंज बाजार के समीप चकपटैला गांव स्थित अंडर पास पर आज भोर करीब पौने पांच बजे यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ तत्काल मौके पर पहुंच गए। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभने बताया कि यह बस रामनगर घनशयामपुर लेदुका होते हुए कुमार बस सर्विस प्रतिदिन जौनपुर बदलापुर पड़ाव के लिए सवारी बैठाकर आती-जाती है।

आज सुबह बस चालक समरजीत पाल (50) और कंडक्टर कालीचरन 52 सीट वाली बस में करीब 40 सवारियों के साथ जौनपुर के लिए रवाना हुये थे, बस जैसे ही घटनास्थल के समीप पहुंची कि चालक बस से नियंत्रण खो बैठा जिससे बस डिवाइडर पर चढ़ते हुए दाहिने पटरी पर पहुंच सड़क के बीच पलट गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस में बुरी तरह फंसे लोगों को बाहर निकाला और मृत चार लोगों को मर्चरी भेजा जबकि दस लोगों को इलाज हेतु नौपेड़वा सीएचसी अस्पताल भिजवाया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भीषण दुर्घटना में कुल तीन महिलाओं सहित बस कुल पांच लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि मृतकों में 60 वर्षीय नेमी देवी पत्नी परदेशी गौड़ निवासी गोपीपुर थाना जफराबाद, 26 वर्षीय संध्या शर्मा पत्नी विजय शर्मा निवासी बक्शा, बस कंडक्टर 40 वर्षीय कालीचरन यादव निवासी चवरी लेदुका थाना बदलापुर एवं सुशीला यादव पत्नी लालजी 65 वर्षीय सलेखनपट्टी बदलापुर की मौत हो गई। जबकि एक मृतक की पहचान नही हो सकी है। जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए दुख प्रकट किया है और मृतकों के प्रति संवेदना भी प्रकट की है साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# सरकारी कर्मचारियों की हालत इतनी खराब, नील गाय को उठाने गया कर्मचारी पीता मिला शराब

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** हिन्दूवादी सरकार में भी अधिकारी किसी भी प्रकार से कब्जे में आने को तैयार नहीं हैं। लगातार ये बातें लिखकर-लिखकर वास्तव में कलम की स्याही फीकी पड़ने लगी है। एक पशु चिकित्सा अधिकारी के बाद अब एक और नया मामला सामने आया है, जिसमें एक नीलगाय को एक अधिकारी द्वारा ही शहरी क्षेत्र से सटे खांजापुर में घायल अवस्था में छुड़वा दिया गया। न उक्त नीलगाय को कोई उपचार दिया गया। ऐसे में जब नई मण्डी की पशुपति टीम के कुछ सदस्य वहां पहुंचे तो अनोखा ही नजारा देखने को मिला। नीलगाय को उठाने के नाम पर जंगल में बैठा हरवीर नाम का कर्मचारी नमकीन के पैकेट के साथ शराब के पैग लगा रहा है और इंतजार कर रहा था कि कोई आए और नीलगाय को उठवाकर ले जाए। पशुपति टीम के अमन गौ सेवक ने जब एक अन्य कर्मी से बात की कि सुबह 11 बजे से यहां एक नीलगाय कौन से अधिकारी के द्वारा छुड़वाई गयी है तो उक्त कर्मचारी ने कबूल किया कि साक्षी चौधरी नामक महिला अधिकारी द्वारा उक्त कृत्य को अंजाम दिलाया गया है। बाकायदा बुलेटिन ने पहले इसकी ऑडियो मंगवाई, उसके बाद ही उक्त समाचार को सोशल मीडिया व समाचार पत्र में प्रकाशित किया। शर्मनाक बात यह है कि उक्त अधिकारी भी किसी अन्य धर्म से नहीं बल्कि हिन्दू ही है। ऐसे में पशुओं की सेवा करने वाली टीम ने कहा कि ऐसे अधिकारी वास्तव में हमारे धर्म के लिए कलंक ही हैं। सरकारी नौकरी मिलने के बाद वे नौकरी के गुरूर में यह भी भूल बैठे कि उनका धर्म क्या है? और हिन्दू धर्म में नीलगाय का तो छोड़ो विभिन्न पशु पक्षियों का महत्व क्या है? कुल मिलाकर भरे मन से अपनी बात बुलेटिन के साथ साझा करने के बाद बड़ी मशक्कत के साथ अमन पशु सेवक रात 11 बजे उक्त नील गाय को जिलाधिकारी की इजाजत के बाद कूकड़ा मंडी ट्रीटमेंट सेंटर लेकर पहुंचे।





पशु सेवक अमन

## गैंगस्टर में निरुद्ध आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** खालापार थाना पुलिस ने रात्रि में गैंगस्टर में निरुद्ध एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गौकशों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि गिरोह पर जनपद व शामली में गौकशी के कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि गिरोह में शामिल सभी 12 बदमाशों पर गैंगस्टर की कार्रवाई के आदेश खालापार थाना पुलिस को दिए थे। खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने बताया कि गिरोह में शामिल 7 बदमाशों पर पुलिस पूर्व में गैंगस्टर की कार्रवाई कर चुकी है। अब गैंग लीडर मंसाद उर्फ सोनू, शादाब उर्फ चिड़ा, रिजवान उर्फ रिज्जू निवासीगण लीकड़ा पट्टी, सुजडू थाना खालापार, विसार निवासी मोहल्ला सरवट सैफी कॉलोनी थाना सिविल लाइंस व इकरार उर्फ कालिया कुरैशी उमर निवासी गहराबाग मोहल्ला खालापार के खिलाफ गैंगस्टर की रिपोर्ट दर्ज की गयी है। इनमें से रिजवान उर्फ रिज्जू को गुरूवार रात चैकिंग के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि विसार अभी फरार है। बाकी अन्य आरोपी जिला कारागार में वर्तमान में बंद है।

# पंजाब के मुक्तसर में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, पांच की मौत, 29 घायल

**मुक्तसर 30 मई (वार्ता)** पंजाब में मुक्तसर जिले के सिंघेवाला गांव में शुक्रवार को तड़के एक बजे एक पटाखा निर्माण इकाई में हुए विस्फोट में पांच प्रवासी श्रमिकों की मौत हो गई और 29 अन्य घायल हो गए। हरियाणा सीमा के पास स्थित इस फैक्ट्री में पटाखों के उत्पादन और पैकेजिंग में लगे कई प्रवासी कामगार काम करते थे। रात करीब एक बजे हुए इस विस्फोट के कारण पूरी फैक्ट्री ढह गई। मुक्तसर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अखिल चौधरी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी से पता चला है कि पटाखा निर्माण क्षेत्र में विस्फोट हुआ। अभी पता कारणों का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि विस्फोट के कारण इमारत ढह गई, जिससे लोग हताहत हुए। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि मौतें आग की बजाय संरचनात्मक क्षति के कारण हुईं। लंबी के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) जसपाल सिंह ने कहा कि मलबे से पांच शव बरामद किए गए हैं। घायलों को उपचार के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), बंठिडा और मुक्तसर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मलबे को साफ करने और फंसे हुए लोगों की तलाश करने के लिए काम कर रहे थे। फैक्ट्री में करीब 40 कर्मचारी थे। मृतकों और घायलों में से अधिकांश प्रवासी श्रमिक हैं। अग्निशमन विभाग और पुलिस की बचाव टीमें मौके पर पहुंचीं। कुछ कर्मचारियों के अभी भी मलबे में फंसे होने की आशंका है। बचाव कार्य जारी है। विस्फोट के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। किल्लियांवाली थाना की प्रभारी (एसएचओ) करमजीत कौर ने कहा कि पांच लोगों की मौत की खबर है, जबकि 29 लोग घायल हैं।



# तीसरी आंख की निगरानी में होगा अब टाउनहाल परिसर

**▶▶ नगरपालिका में 30 सीसीटीवी कैमरों पर खर्च होंगे 3.22 लाख**
**▶▶ पूर्व में हुई घटनाओं के चलते लिया गया निर्णय, सुधरेंगे हालात**

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** नगरपालिका परिषद् में अब आने वाले दिनों में डिजीटल सिक्योरिटी के बूते 24 घंटे निगरानी में रखे जाने की कवायद तेज कर दी है। इसके लिए चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने पालिका परिसर में बाहर से कार्यालयों तक 30 सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल रूम और एलईडी स्क्रीन लगाने की तैयारी की है। तीन जून की बोर्ड बैठक में इसे मंजूरी मिलने की संभावना है।





नगरपालिका परिषद परिसर की पूर्व में सुरक्षा को लेकर उठते रहे तमाम सवालों और कई बार यहां खड़े वाहनों से बैटरी और कीमती सामानों की चोरी के चलते कड़े कदम उठाने की पहल शुरू की है। पूर्व में एक चालक द्वारा मृत गौवंश ट्रैक्टर ट्राली में भरकर यहां लाकर खड़ा कर दिए जाने के साथ रात्रि में यहां बाहरी लोगों के अवैध तरीके से प्रवेश आदि को देखते हुए अब पूरे टाउनहाल परिसर को 24 घंटे की निगरानी में लेने की तैयारी है। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने ऐसे में टाउनहाल परिसर को डिजिटल सिक्योरिटी से आच्छादित करने के निर्देश दिए। ऐसे में निर्माण विभाग ने 30 सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी कर ली है। इस संबंध में जेई निर्माण कपिल कुमार ने बताया कि चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने नगरपालिका परिसर के सम्पूर्ण क्षेत्र को सीसीटीवी कमैरे से आच्छादित करने के निर्देश दिये थे, इसमें विभाग ने राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के तहत कार्य कराने के लिए कुल 3,80,373 रुपए का व्ययानुमान तैयार करते हुए बीती बोर्ड बैठक में यह स्वीकृत किया गया। इसके उपरांत निविदा आमंत्रित की गई। इसमें बर्क इमेजिंग प्लस फर्म ने न्यूनतम दर 3,22,092 रुपये में यह कार्य करने की इच्छा जताई है। इसमें टाउनहाल परिसर में सुरक्षा के दृष्टिगत 30 सीसीटीवी कैमरे, 55 इंची एलईडी टीवी व एक वर्षीय एएमसी कार्य शामिल है। ठेकेदार फर्म की निविदा की स्वीकृति के लिए प्रस्तावित बोर्ड बैठक में प्रस्ताव लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसमें पूरे पालिका भवन में चेयरपर्सन और ईओ कार्यालयों के साथ गैलरी, टैक्स विभाग, खजांची कार्यालय, बिलिंग काउंटर सहित अन्य क्षेत्र में वर्तमान में 18 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, अब 30 नये सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य कराया जा रहा है, ताकि पालिका मुख्यालय भवन को डिजिटल सिक्योरिटी के दायरे में लाकर 24 घंटे इसकी निगरानी की जा सके। टाउनहाल के तीनों गेट पर भी कैमरे लगाये जायेंगे।



**इन्होंने कहा- चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि पालिका मुख्यालय में कार्यालयों के साथ मुख्य स्थानों पर पूर्व में सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद टाउनहाल परिसर में कुछ घटनाएं होने और यहां बाहरी लोगों पर नजर रखने के लिए पूरे परिसर को ही डिजिटल सिक्योरिटी में लाने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे हैं, जिसकी स्वीकृति 3 जून को प्रस्तावित बोर्ड बैठक में लाने का प्रयास किया जायेगा।**



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## सियासत की बिसात और मोहरे

शतरंज को अक़्ल का खेल माना जाता है। दुनिया में इसके बहुत से खिलाड़ी हुए हैं, भारत में भी हुए हैं और हैं। ठीक ऐसे ही सियासत है। विश्व की राजनीति भी शतरंज की तरह है। सियासी शतरंज में कम लोग ही खिलाड़ी बन पाते हैं, ज्यादातर तो मोहरा बन कर ही उम्र गुजार देते हैं। ट्रम्प लगातार मात पर मात खा रहे हैं, यूक्रेन और रूस की बाजी चल रही है, इजराइल, हमास पर भारी पड़ रहा है, चीन इस खेल को दूसरे ढंग से खेलता है। भारत ने पाकिस्तान को पछाड़ा, तो पाकिस्तान गिड़गिड़ाया, सारी दुनिया ने उसकी मात देखी, लेकिन वह रुके हुए खेल को अपनी जीत कह रहा है, यह ऐसे ही है जैसे कोई अपराधी अपनी जमानत पर रिहाई का जुलूस निकाल कर अपने जिन्दाबाद के नारे लगवाए। विश्व सियासत की बिसात पर ट्रम्प, जेलेंस्की, पुतिन, नेतन्याहू, रजब तैयब इरदुगान, शी जिनपिंग, शहबाज शरीफ आदि नेता हैं। कुछ ऐसे भी नेता हैं, जिन्हें मोहरा नहीं कहा जा सकता, वे खिलाड़ी हैं, बिना नाम लिए भी उनका नाम समझा जा सकता है। भारतीय प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी, एक मोहरा इधर से उधर रखते हैं और सामने वाले का सिरदर्द शुरू हो जाता है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया में भारतीय सांसदों के प्रतिनिधि मंडल भेजे, उनमें जिनका चयन हुआ उनकी अपनी पार्टी के लोग उन्हें प्रधानमन्त्री का चमचा तक कह रहे हैं। सियासी जबान में कहें तो प्रधानमन्त्री का मोहरा कह रहे हैं। उदित राज ने शशि थरूर के बारे में कहा है कि शशि थरूर भाजपा के प्रवक्ता बन गए हैं और मोदी की चमचागिरी कर रहे हैं। इस बयान के लिए उदित राज को सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा जमकर लताड़ा जा रहा है। दूसरे कांग्रेसी नेता भी शशि थरूर के नाम से बौखला रहे हैं। इस सब से यही समझ आ रहा है कि एक खिलाड़ी ने अपने और विपक्षी के मोहरों की चाल को अपने हिसाब से तय कर दिया है, जिस ट्रम्प को लेकर कांग्रेसी उछल रहे थे, उसी ट्रम्प को उनकी अदालत ने झटका दे दिया, जिस पाकिस्तान की भाषा बोली जा रही थी, उसे ईरान ने दुत्कार दिया। वैश्विक गतिविधियों और भारतीय सियासी उठापटक को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि दुनिया की और भारत की सियासी शतरंज में खिलाड़ी कौन है और मोहरा कौन-कौन है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि पहलगाम में हमला करने वाले आतंकवादी इधर-उधर घूम रहे हैं। हमारे सांसद भी घूम रहे हैं। उनके इस बयान के बाद सियासी बवाल खड़ा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने हमला बोलते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद से ऐसा लगता है कि कांग्रेस और राहुल गांधी पीएम मोदी द्वारा उठाए गए सख्त कदमों को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। जयराम रमेश ने कहा, सुनने में आ रहा है कि 25 और 26 जून को विशेष सत्र बुलाया जा सकता है, क्योंकि यह आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ है। हमारे देश में 2014 से अघोषित आपातकाल लागू है। वह 50 साल पहले जो हुआ, उसके लिए स्पेशल सेशन बुलाना चाहते हैं। आज के सवालों से ध्यान हटाने के लिए वे इस बारे में बात कर रहे हैं। हम आरएसएस की भूमिका को भी उजागर करेंगे, हम हकीकत को पूरे देश के सामने रखेंगे। पहलगाम के ये आतंकवादी चार हमलों में शामिल थे और फिर भी वे इधर-उधर घूम रहे हैं। हमारे सांसद भी घूम रहे हैं और आतंकवादी भी घूम रहे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। आतंकवादियों को पकड़ा जाना चाहिए, जो मिसाइलें रोज दागी जा रही हैं, वे कांग्रेस पार्टी के खिलाफ दागी जा रही हैं। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश के बयान हमारे सांसद घूम रहे हैं और आतंकवादी भी घूम रहे हैं पर भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि यह सबसे शर्मनाक, निंदनीय और बेबुनियाद बयान है। संसद की विशेषाधिकार समिति को तुरंत इसका संज्ञान लेना चाहिए और कार्रवाई करनी चाहिए। हमारे सांसद पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए साझेदार देशों का दौरा कर रहे हैं और जयराम रमेश ने उनकी तुलना आतंकवादियों से की। यह वही पार्टी है, जिसने सेना प्रमुख को गुंडा कहा था। ये वही लोग हैं, जिन्होंने बालाकोट हवाई हमलों का सबूत मांगा था। उन्होंने बार-बार सेना का अपमान किया है। जयराम रमेश के इस बयान की निन्दा हो रही है। भाजपा तो हमलावर है ही सोशल मीडिया पर भी लोग जयराम रमेश को जमकर धिक्कार रहे हैं। कई यू ट्यूबरों ने अपने वीडियो में कहा है कि प्रधानमन्त्री मोदी ने बड़ी चालाकी से सबको काम पर लगा दिया। विपक्षी सांसद तो दुनिया में भारत का पक्ष मजबूती से रख ही रहे हैं, उनके ही साथी यहां अपनी बातों से अपनी भद्द पिटवा रहे हैं, खिलाड़ी काले और सफेद दोनों मोहरों से खेल रहा है। अच्छा खिलाड़ी, सामने वाले को वही मोहरा चलने के लिए विवश कर देता है, जिसे वो चलवाना चाहता है। बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने आगे कहा कि सैन्य हमले पर सवाल उठाने के बाद अब वे कूटनीतिक हमले पर सवाल उठा रहे हैं। पहले उन्होंने अपने ही सांसद शशि थरूर को घेरा और अब अपने सहयोगी सांसदों के खिलाफ यह टिप्पणी निंदनीय है। पाकिस्तान यही चाहता है। पाकिस्तान खुद को क्लीन चिट देने के लिए इस तरह के बयानों का इस्तेमाल करता है। जयराम रमेश पाकिस्तान के डीजी-आईएसपीआर की भाषा बोल रहे हैं। बीजेपी नेता गौरव भाटिया ने कहा कि जयराम रमेश की टिप्पणी बेहद निंदनीय और चिंताजनक है। यह पूरे देश के लिए शर्मनाक है कि एक भारतीय नेता हमारे सांसदों और आतंकवादियों के बीच तुलना करे। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद से ऐसा लगता है कि कांग्रेस और राहुल गांधी पीएम मोदी द्वारा उठाए गए सख्त कदमों को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। यह बयान उसी दिशा में एक और प्रयास है। जेडीयू नेता केसी त्यागी ने कहा कि जयराम रमेश लगातार ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की सफलता को कम आंकने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे क्रूर पहलगाम हमले के बाद शुरू किया गया था। ऐसे बयान देकर वह क्या हासिल करना चाहते हैं, खासकर तब जब सभी दलों के प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को बताने के लिए एकजुट हैं? 25 जून भारत के इतिहास में एक काला अध्याय है, जब शीर्ष नेताओं को बिना किसी वैध कानूनी आधार के जेल में डाल दिया गया था। उस दिन न तो प्रेस की स्वतंत्रता थी और न ही सार्वजनिक स्वतंत्रता। उस दिन के बारे में सच्चाई को स्वीकार करने और उजागर करने में कुछ भी गलत नहीं है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'दल' 'भट्ठा' 'सोच' 'बकवास'

अपने दल का आप ही भट्ठा बिठाया और क्या।  
मूढ़ नेताओं ने दुनिया को बिगाड़ा और क्या।  
सोच कर बोला नहीं बस नित नयी बकवास की,  
मूढ़ नेताओं ने अपना सर झुकाया और क्या।

# एक जून को नगर के 4 परीक्षा केंद्रों पर होगी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा

**- दो पालियों में परीक्षा में शामिल होंगे कुल 1980 परीक्षार्थी**

**- सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी रविवार को प्रवेश परीक्षा**





**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** जनपद में एक जून से शुरू होने वाली संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले में चार परीक्षा केंद्रों पर होने वाली इस प्रवेश परीक्षा को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला पंचायत सभागार में अब तक की तैयारियों पर मंथन किए जाने के साथ परीक्षा से जुड़ी तैयारियों को अंतिम रूप दिया। रविवार को जिला मुख्यालय पर चार परीक्षा केन्द्रों पर होने वाली इस परीक्षा में 1980 परीक्षार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में परीक्षा केंद्र संचालकों के साथ संपन्न महत्वपूर्ण बैठक में नगर मजिस्ट्रेट पंकज सिंह और एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने परीक्षा से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा करते हुए नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के सभी जिम्मेदार अधिकारियों और केन्द्र व्यवस्थापकों को दिशा निर्देश भी दिए।

जिले में दो पालियों में होने वाली प्रवेश परीक्षा को निर्विघ्न संपन्न कराने की खातिर सैक्टर मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को पूर्ण जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने के निर्देश दिए गए। उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए शहर के 4 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। एक जून को होने वाली परीक्षा के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। नगर मजिस्ट्रेट पंकज सिंह ने बताया कि जनपद में बनाए गए सभी परीक्षा केंद्रों पर मेज, कुर्सी, पेयजल, शौचालय, सीसीटीवी, विद्युत एवं जनरेटर के साथ सुरक्षा कारणों से कोरोना संक्रमण की फिर से शुरू दस्तक के बीच सभी परीक्षा केंद्रों पर सेनेटाइजर और परीक्षार्थियों के वाहन खड़े करने आदि की व्यवस्था भी कराई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने परीक्षा को निष्पक्ष और नकलविहीन संपन्न कराने के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही पर्यवेक्षक और सुरक्षा कर्मियों की इस बीच तैनाती की जाएगी। अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की जाएगी। इसके साथ केंद्र व्यवस्थापकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्थिति में परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग नहीं होना चाहिए।

# डीएम की अध्यक्षता में उद्योग बंधु एवम श्रम बन्धु की बैठक सम्पन्न




**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बुस.)।** डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में मई माह की उद्योग बंधु एवम श्रम बन्धु की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीएम को उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन केंद्र अधिकारी ने विगत हुई बैठक में दिए गए निर्देश के क्रम में हुई कार्रवाइयों से अवगत कराया। बैठक में डीएम ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए जिला उद्योगबंधु की बैठक में स्वयं और पूर्ण तैयारी के साथ प्रतिभाग करें। बैठक में डीएम ने उद्यमियों द्वारा उद्योग लगाने में आ रही समस्याओं के निस्तारण के लिए सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। बैठक का आयोजन फेडरेशन हॉल में किया गया। डीएम ने सभी उद्यमियों से अनुरोध किया गया कि सभी नियमों का पालन करें और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मुजफ्फरनगर को निर्देश दिए कि अरिहंत लेन का निर्माण करने हेतु बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखें। मार्वल ट्यूबवेल एवं शर्वा केमिकल्स को इंडियन बैंक से आ रही समस्याओं को लेकर शाखा प्रबंधक को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। वहलना चौक से से जैन मंदिर की ओर जाने वाली सड़क का नाली सहित 10 दिन में पूर्ण करने के निर्देश लोग निर्माण विभाग को दिए गया। डीएम ने सहायक श्रमयुक्त को निर्देश दिए कि विभाग द्वारा संचालित श्रमिकों से संबंधित विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर श्रमिकों को लाभान्वित कराएं। उद्यमियों से भी संपर्क कर किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए हर माह उद्यमियों के साथ बैठक भी करें। बैठक में उद्यमियों को श्रमिकों के हित में लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी जाए। बैठक में सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देश भूषण, नगर मजिस्ट्रेट पंकज कुमार राठौर एवम उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग केंद्र जैस्मिन सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी, उद्योगपति एवम जिला श्रम बन्धु के सदस्य उपस्थित रहे।

# उनके द्वारा जो बयान दिया गया वह केवल हनुमान बेनीवाल के खिलाफ दिया गया है : ठाकुर पूरण सिंह



**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** जनपद मुजफ्फरनगर के जाट समाज के लोगों के द्वारा बृहस्पतिवार को एक पंचायत कर किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह पर गंभीर आरोप लगाए थे, जहां पर उनके द्वारा उनकी जाति पर भी सवाल खड़ा कर दिया था, वहीं एक जूता मारने पर रूपये 100,000 के इनाम की घोषणा कर दी गई थी। उसी को लेकर शुक्रवार को तितावी क्षेत्र के गाँव नसीरपुर में किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह के द्वारा एक पंचायत का आयोजन किया गया, जहां पर उनके द्वारा जाट महासभा के द्वारा दिए गए बयान पर जाट नेताओं को नसीहत दी। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा केवल हनुमान बेनीवाल के बयान को लेकर टिप्पणी की थी ना कि जाट समाज पर, लेकिन फिर भी जाट समाज के कुछ नेता बौखलाए हुए हैं और वह लगातार उनके बयान को जातिगत बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति के द्वारा जूता मार कर रूपये 100000 की घोषणा की गई है, उसकी पुलिस जांच करें। उन्होंने कहा कि अगर दम है, तो वह सामने आकर उन पर हमला करें। वहीं ठाकुर पूरन सिंह ने शुक्रवार की दोपहर 2:00 बजे के करीब कहा कि उनकी लड़ाई केवल हनुमान बेनीवाल के साथ है और जो उनके द्वारा बयान दिया गया वह केवल हनुमान बेनीवाल के खिलाफ दिया गया, जिसके लिए वह किसी से भी माफी नहीं मांगेंगे।

# शिविर में 152 मरीजों की आंखों की जांच की




**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बुस.)।** शुक्रवार को क्लब अध्यक्ष रो. डॉ. एमएल गर्ग की अध्यक्षता में रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर द्वारा दंडी आश्रम शुक्रताल में वरदान धर्मार्थ नेत्र संस्थान प्रेमपुरी मु.नगर के सौजन्य से निशुल्क नेत्र चिकत्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्य पीपी रो. सुशील कुमार एडवोकेट द्वारा अपनी धर्मपत्नी कुसुम कुमार की स्मृति में कराया गया। इस शिविर में 152 मरीजों की आंखों की डॉक्टर्स द्वारा जांच की गयी। 88 साधु-संत आये, जिसमें से 25 मरीजो को आँखों के ऑपरेशन के लिये चिन्हित किया गया। बाकी मरीजों को निशुल्क दवाइयां दी गयी। इस शिविर को सफल बनाने में दण्डी आश्रम के मनोहर लाल का बहुत योगदान रहा। क्लब सदस्य रो. अनिल गर्ग, रो. अरविन्द गर्ग, रो. रविन्द्र सिंह, रो. प्रभात शर्मा व रो. सुशील कुमार का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में रोटरी क्लब सचिव रो. अनिल कुमार गर्ग द्वारा दण्डी आश्रम के सभी कार्यकर्ता व वरदान धर्मार्थ नेत्र संस्थान प्रेमपुरी मु० नगर की टीम का धन्यवाद दिया गया।







# 38वें दायित्व बोध समारोह में संजय मिश्रा बने अध्यक्ष

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** भारत विकास परिषद मेन शाखा का 38 वां दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन एक बैंकटहॉल में किया गया। इस कार्यक्रम में प्रांत से आए अनुराग दुबलिश, शरद चंद्रा, सरल माधव के अलावा अरूण खंडेलवाल, प्रवीण गुप्ता व विशाल शर्मा समेत अनेक शाखाओं से पदाधिकारी बतौर अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम से किया गया। मुख्य अतिथियों के स्वागत के साथ कार्यक्रम में शाखा के अध्यक्ष संजय मिश्रा ने अपना उद्बोधन दिया। शाखा सचिव नवनीत गुप्ता ने गत वर्ष की रिपोर्ट प्रस्तुत की। नये सदस्यों को सदस्यता ग्रहण करवाई गयी। नए सदस्यों में नितिन गर्ग, ब्रज पाल सैनी, प्रमोद अग्रवाल, राजीव त्रिखा, यशपाल अरोड़ा, मनोज राठी, धीरज उपाध्याय आदि ने सदस्यता ग्रहण की। भारत विकास परिषद मेन शाखा के 38 वें दायित्व ग्रहण समारोह में नई कार्यकारिणी समिति के रूप में संजय मिश्रा को अध्यक्ष, नवनीत गुप्ता सचिव, नीरज सिंघल कोषाध्यक्ष, महिला सहभागिता डॉ. अंजली गर्ग, गतिविधि संयोजक सेवा ओडी शर्मा, संयोजक संपर्क पुरुषोत्तम सिंघल, संयोजक संस्कार डॉ. बृजेश आत्रेय, संयोजक पर्यावरण विनोद अग्रवाल ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंजली गर्ग ने किया। इस दौरान आर्यन ने अपनी मधुर आवाज में समा बांधा। कार्यक्रम में केपी राठी, डॉ. दीपक गर्ग, अरुण मित्तल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, अशोक सिंघल, प्रीत वर्धन शर्मा, मनोज शर्मा, राजेंद्र सैनी, विनीत गुप्ता, विपिन कुमार, सुनीता शाह, सुखबीर सिंह, आशु अग्रवाल, अनिल शर्मा, राज कुमार गुप्ता, वीरेंद्र अग्रवाल, अनुराग गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# 17 महिला कैडेटों का पहला बैच एनडीए से स्नातक; 300 से अधिक पुरुष साथियों के साथ इतिहास की ओर बढ़ाए कदम



**नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसी)।** एक ऐतिहासिक उपलब्धि के तौर पर 17 महिला कैडेटों का पहला बैच शुक्रवार को पुणे स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) से स्नातक हो गया। बैच में 300 से अधिक पुरुष भी थे। यह पहला सह-शिक्षा बैच (को-एड बैच) है, जिसने यह उपलब्धि हासिल की है। कैडेटों ने खड़कवासला में त्रि-सेवा प्रशिक्षण अकादमी के खेत्रपाल परेड ग्राउंड में 'अंतिम पग' का प्रदर्शन किया। इसे आम तौर पर 'नेतृत्व का पालना' के रूप में जाना जाता है। पूर्व सेना प्रमुख और मिजोरम के वर्तमान राज्यपाल जनरल वीके सिंह पासिंग आउट परेड के समीक्षा अधिकारी थे। यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) की ओर से 2021 में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के तहत महिलाओं को रक्षा अकादमी में आवेदन करने की अनुमति दिए जाने के बाद महिला कैडेटों का पहला बैच 2022 में एनडीए के 148वें कोर्स में शामिल हुआ था। अकादमी के कैडेट कैप्टन उदयवीर नेगी ने 148वें कोर्स की परेड की कमान संभाली। इस अवसर पर जनरल सिंह ने कहा कि 'आज अकादमी के इतिहास में एक अनोखा महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि एनडीए से महिला कैडेटों का पहला बैच पास आउट हुआ है। यह अधिक समावेशिता और सशक्तिकरण की दिशा में हमारी सामूहिक यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है।' उन्होंने कहा कि ये युवतियां नारी शक्ति का अपरिहार्य प्रतीक हैं, जो न केवल महिलाओं के विकास, बल्कि महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि 'मैं एक ऐसे भविष्य की कल्पना करता हूं, जो अब से बहुत दूर नहीं है, कि इनमें से कोई एक युवतियां जिस सेवा में जाती हैं, उसमें सर्वोच्च भूमिका निभाएं। उन्होंने महिला कैडेट्स की उपलब्धि को खास बताते हुए कहा, 'आपने सिर्फ अपनी सफलता नहीं पाई, बल्कि देश की हजारों लड़कियों को सपना देखने की ताकत दी है। आप परिवर्तन, साहस और क्षमता की प्रतीक हैं।' साल 2021 में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने महिलाओं को एनडीए में प्रवेश की अनुमति दी थी। इसके बाद महिलाओं का पहला बैच 2022 में एनडीए में शामिल हुआ था। अब, दो साल की कठिन ट्रेनिंग पूरी कर ये 17 महिला कैडेट्स देश के तीनों रक्षा अंगों - थल सेना, नौसेना और वायुसेना - में अधिकारी बनने के लिए तैयार हैं।

**आवश्यकता है**

जैन कन्या पाठशाला पी0जी0 कॉलेज, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक व परास्नातक हेतु निम्नलिखित विषयों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है, शैक्षिक योग्यता विश्वविद्यालय एवं यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार। वेतन अनुभव एवं योग्यता के अनुसार। आवेदन अथवा बायोडाटा शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित महाविद्यालय कार्यालय में डाक अथवा ई-मेल ( jkppgcollege1@gmail.com) के माध्यम से प्रकाशित तिथि के एक माह के अन्दर प्रेषित करें। साक्षात्कार की सूचना मोबाईल के माध्यम से दी जायेगी।

स्नातक विषय:- बी0एस0सी0 (गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान) बी0एस0सी0 (गृहविज्ञान) बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 एवं बी0 कॉम0।

परास्नातक विषय:- समाजशास्त्र एवं अंग्रेजी।

प्राचार्या | सचिव | अध्यक्ष





# श्री गुरु अर्जन देव जी महराज जी के 419वें शहीदी गुरुपर्व मनाया

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बुस.)।** आज नगर के रोडवेज बस स्टैण्ड के बराबर में स्थित गुरुद्वारा श्री गुरूसिंह सभा रोडवेज में सिखों के पांचवें गुरू श्री गुरू अर्जन देव जी महाराज जी का 419वां शहीदी गुरूपरब पर गुरूबाणी किरतन करके मनाया गया, जिसमें पंथ प्रसिद्ध हजूरी रागी जत्था श्री दरबार साहिब अमृतसर के भाई पलविन्दर सिंह ने कीर्तन कर संगतों का निहाल किया और ज्ञानी जोगा सिंह व ज्ञानी हरजीत सिंह ने गुरू साहब की शहीदी के बारे में सिख इतिहास पर प्रकाश डालते हुए गुरुजी के बताये गये सत्य के मार्ग पर ही चलने के लिये बताया। इससे पूर्व 40 दिन तक नगर के भिन्न-भिन्न गुरूद्वारों में श्री सुखमनी साहिब के पाठ सभी संगतों ने किये, जिनके पाठ के भोग भी डाले गये और नगर के मुख्य मुख्य स्थानों पर जैसे शिव चौक, रोडवेज, ट्रांसपोर्ट नगर, गुरू गोबिन्द सिंह स्कूल गांधी कालोनी, गऊशाला रोड, नुमायश कैम्प पर दूध और रूहबजा के मीठे पानी की छबील लगायी गयी, जिसमें हजारों राहगीरों ने तपती धूप में अपनी प्यास बुझायी। आज के कार्यक्रम में श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सतपाल सिंह मान व सकतर अजीत सिंह मलिक और सभी मैम्बर रविन्द्र सिंह गम्भीर (उप प्रधान), हरजीत सिंह गुराया (पूर्व प्रधान), धनप्रीत सिंह बेदी (पूर्वसकतर) जसविन्द्र सिंह बग्गा, हरजीत सिंह चावला, कशमीर सिंह चाहल, मोहन सिंह खालसा, वजीर सिंह राजा, इकबाल सिंह नारंग, हरप्रीत सिंह सन्नी, गुरूचरण सिंह ज्ञज, गुरूचरण सिंह बराड, प्रभजोत सिंह रिंकु सुखदर्शन सिंह बेदी, जगप्रीत सिंह नागपाल, देवेन्द्र सिंह चढडा, जसवीर सिंह गिल, रंजीत सिंह, राजपाल, सुरेन्द्रदीप सिंह सिडाना आदि ने गुरूघर सेवा संभाली और हजारों संगतों ने गुरु का अटूट लंगर छका।

# शहर के बिजनेसमैन गजेंद्र सिंह राणा को आईपीएल में पंजाब-बेंगलुरु क्वालीफायर-1 मैच के शुभारम्भ पर गेस्ट बनने का यादगार मौका मिला




**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बुस.)।** शहर के बिजनेसमैन गजेंद्र सिंह राणा को आईपीएल में पंजाब-बेंगलुरु क्वालीफायर-1 मैच के शुभारम्भ पर गेस्ट बनने का यादगार मौका मिला। गांधी कालोनी निवासी गजेंद्र सिंह राणा वंडर सीमेंट के बड़े डिस्ट्रीब्यूटर है, उन्हें कंपनी की ओर से अचानक आईपीएल 2025 के चंडीगढ़ में आयोजित पंजाब किंग्स- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु क्वालीफायर-1 मैच में गेस्ट बनने का तोहफा मिला। खुशियों से लबरेज राणा महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम, चंडीगढ़ पहुँचे। मैच से पूर्व आरसीबी और पंजाब किंग्स टीम के खिलाड़ियों से परिचय हुआ। राणा ने बताया कि वे जिंदगी में खेलों के लिए युवा को प्रेरित करते है। क्वालीफायर -1 मैच का आतिथ्य मिला तो आश्चर्य हुआ। वंडर सीमेंट के वाइस प्रेजीडेंट अभय कुशवाहा ने फोन से ये जानकारी दी थी। देश के महान क्रिकेटर विराट कोहली, श्रेयश अय्यर, रजत पाटीदार से मिलकर राणा गदगद है।

## नगर पंचायत चरथावल ने मनाई अहिल्याबाई होल्कर जंयती

**चरथावल, 30 मई (बु.)।** नगर पंचायत चरथावल में आज महिला सशक्तिकरण सम्मेलन के अंतर्गत पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती नगर पंचायत में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, जिसमें मुख्य अतिथि सपना कश्यप सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश सरकार, गौरव पवार ब्लॉक प्रमुख बघरा रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष मास्टर इस्लामुद्दीन त्यागी और अधिकारी नीलम पांडे द्वारा उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। उन सभी के द्वारा रानी अहिल्याबाई होल्कर जी के चित्र पर पुष्पमाला, पुष्प अर्पित कर और दीप जलाकर उनके चित्र का अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि सपना कश्यप को सुनील कश्यप द्वारा बाबा खाटू श्याम जी का चित्र देकर उन्हें सम्मानित किया। आज के कार्यक्रम में भोपाल पाल, राधेश्याम खटीक, अनुज त्यागी, बिल्लू त्यागी, सुभाष चंद्र, सोहेल उर्फ लड्डन, अंकित गोयल, अनिल कुमार, डोली, सुनील कश्यप, सुनील सूद, रविंद्र कुमार, मदनलाल, सीटू राम, अमित कुमार, सोमप्रकाश, बबलू आदि सभी गणमान्य व्यक्ति, सभासदगण और सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।





# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं को सफल बनाने के लिए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया

**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बुस.)।** भारत सरकार द्वारा पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती मनाए जाने के लिए निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन में अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह के निर्देशानुसार आज बारातघर पचेड़ा रोड में नगर पालिका द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए एक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विमल शर्मा अध्यक्ष सहकारी बैंक, मीनाक्षी स्वरूप अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, सुभाष शर्मा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, सुधीर सैनी जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, देशबंधु, उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी और बबीता गुप्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने देवी अहिल्या बाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला और सभी से उनकी तरह अपने धर्म के प्रति अड़िग रहने और गरीबों की सेवा करने के लिए कहा। कार्यक्रम में नगर पालिका द्वारा स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में दिए गए योगदान के लिए महिला कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके द्वारा सरकार की योजनाओं को सफल बनाने के लिए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और कार्यक्रम में आई सभी महिलाओं को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों के साथ साथ नगर पालिका से डॉ. प्रज्ञा सिंह अधिशासी अधिकारी, डॉ. अतुल कुमार नगर स्वास्थ्य अधिकारी, योगेश कुमार मुख्य सफाई निरीक्षक, पलक्षा मैनवाल सफाई निरीक्षक, सुशील कुमार जिला कार्यक्रम प्रबंधक, आकाशदीप और रुचि शर्मा लिपिक स्वच्छ भारत मिशन, दीपक सैनी आईटीसी, प्रखर मित्तल स्वच्छ भारत मिशन और आंगनवाड़ी बहने, आशा बहनें उपस्थित रहे।

# हिन्दू संगठनों की चेतावनी, मजार न हटी तो स्वयं हटा देंगे

## राष्ट्रीय हिन्दू संगठन ने किया कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन



**मुजफ्फरनगर, 30 मई (बु.)।** हिन्दुत्व से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन ने शुक्रवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत डीएम दरबार में पहुंच साकेत कॉलोनी में बने मजार को हटाने के साथ विभिन्न समस्याओं की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया। इस दौरान डीएम की अनुपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौड़ को सौंपे गए उक्त ज्ञापन में समस्याओं के समाधान कराए जाने की मांग की। राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन के राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोड़ा ने बताया कि साकेत कॉलोनी की गली नंबर तीन में सड़क के बीच बने अवैध मजार सरकारी भूमि पर बनाई गई है जिसका कोई औचित्य नहीं है। उनका कहना है कि उक्त अवैध मजार से क्षेत्र के लोगों को प्रायः आने जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, वहीं इससे यातायात प्रभावित होता है। साथ ही बहुसंख्यक लोगों की इस कॉलोनी में कोई मुस्लिम परिवार भी नहीं रहता, बल्कि कुछ जिहादी मानसिकता के लोगों द्वारा इस अवैध मजार की आड़ में गली में आते जाते रहते हैं जिससे गली में रहने वाले लोगों में भय का वातावरण बना रहता है। इस दौरान उन्होंने इस अवैध मजार को तुरंत हटाए जाने की मांग की। उन्होंने चेताया कि यदि 10 जून तक प्रशासन द्वारा इस मजार को नहीं हटाया जाता है, तो राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन क्षेत्र के लोगों को साथ लेकर अवैध मजार को हटाने का कार्य करेगा। इस दौरान मुख्य रूप से सरिता शर्मा अरोड़ा, उषा किरण शर्मा, संजय गोस्वामी, राजकुमार गर्ग, संजीव मलिक, श्याम वर्मा, विजय लक्ष्मी, मंजू राठौर, मोंटी देवी, सुंदर सैनी, अंकित पाल, राजू पाल, विकास ढींगरा, अनिल मलिक, नवीन त्यागी, संजीव शर्मा, संजीव कंसल एड. आदि हिन्दू वीर उपस्थित थे।

